भारतीय दूतावास
खर्तूम
****

भारतीय दूतावास खर्तूम द्वारा हिंदी दिवस भारतीय राजदूतावास के प्रांगण में १७ सितंबर २०२१ को बडे उत्साह के साथ मनाया गया । इस अवसर पर अल ज़ायम अल अज़हरी विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रोफेसर अल वलीद मोहम्मद अल अमीन मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए ।

२. कार्यक्रम में भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद के हिंदी चेयर के अल ज़ायम अल अज़हरी विश्वविद्यालय के पुर्व छात्र/छात्रायें, खर्तूम तथा ओमडरमान (सूडान) से भारतीय समुदाय के प्रमुख लोग, सूडानी - भारतीय मैत्री संघ , हिंदी प्रेमी तथा दूतावास के सभी सदस्य सपरिवार शामिल हुए ।

३. इस अवसर पर महामहिम राजदूत श्री रविंद्र प्रसाद जायसवाल ने हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और साथ ही सूडान और दुनिया भर में हिंदी की व्यापक लोकप्रियता के बारे में अपने विचार व्यक्त किये ।

४. कार्यक्रम में भारत सरकार के माननीय विदेश मंत्री, श्री एस जयशंकर और विदेश राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी के हिंदी दिवस (१४ सितम्बर) के अवसर पर दिए गये संदेश दिखाये गये । उसके पश्चात हिंदी के प्रयोग को बढावा देने के लिये हिंदी कविता पाठ, गीत गायन, भाषण और हिंदी भाषा पर एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर हिंदी प्रेमियों ने हिंदी भाषा के महत्व को लेकर अपने विचार भी साझा किये ।

५. इस कार्यक्रम में भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद के हिंदी चेयर के पुर्व छात्र/छात्रायें, भारतीय प्रवासियों के बच्चों और दूतावास के सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम के सभी प्रतिभागीयों को पुरस्कार तथा भागीदारी के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये । और अंत में , उपस्थित लोगों को स्वादिष्ट भारतीय व्यंजन और मिठाइयाँ परोसी गईं।

***